# डेनमार्क की राजकुमारी ने रचा इतिहास, सैन्य सेवा में शामिल

**कोपेनहेगन, एजेंसी।** डेनमार्क की राजकुमारी इसाबेला ने 11 महीने की सैन्य सेवा शुरू कर इतिहास रच दिया। वह डेनमार्क के शाही परिवार की पहली महिला सदस्य बन गई हैं, जिन्होंने सैन्य सेवा शुरू की।

उन्होंने स्लागेल्से स्थित एंटवोर्सकोव बैरक में रिपोर्ट की, जहां उन्होंने गार्ड हुसार रेजिमेंट के साथ अपनी सैन्य सेवा शुरू की। डेनमार्क में महिलाओं के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा 2024 में लागू की गई। इसलिए शाही परिवार की किसी महिला के लिए यह पहली बार हुआ।

रिपोर्ट के अनुसार, वह गार्ड हुसार रेजिमेंट के साथ सैन्य प्रशिक्षण लेंगी। इसमें आमतौर पर हथियारों और सैन्य उपकरणों का प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, मैदानी अभ्यास, अनुशासन और नेतृत्व का प्रशिक्षण, सैन्य संचालन की बुनियादी जानकारी शामिल होती है। राजकुमारी की सैन्य सेवा ऐसे समय शुरू हुई, जब डेनमार्क यूरोप में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों, यूक्रेन युद्ध और आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए अपनी सैन्य ताकत को मजबूत कर रहा है।

## वेतन नहीं लेंगी इसाबेला



राजकुमारी इसाबेला सैन्य सेवा के दौरान मिलने वाला वेतन नहीं लेंगी। इसाबेला डेनमार्क के राजा फ्रेडरिक दसवें और रानी मैरी की सबसे बड़ी बेटी हैं। शाही परिवार ने पुष्टि की कि राजकुमारी ने अपनी इच्छा से सैन्य सेवा के दौरान मिलने वाला वेतन-दैनिक भत्ता लेने से इनकार किया।